# बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर की जाए प्रभावी कार्यवाही - कलेक्टर

## जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश



जगदलपुर, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि बिना हेलमेट तथा बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों पर प्रभावी कार्यवाही किया जाए। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र में मुख्य सड़क पर अतिक्रमण करने वालो पर निरंतर कार्यवाही नगर निगम करे और ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार कार्यवाही करें । सोमवार की शाम जिला कार्यालय के आस्था सभा कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया । कलेक्टर ने कहा कि शाम के समय शराब पीकर वाहन चलाने वालों के लिए सभी मुख्य मार्गों में जांच कर कार्रवाई किया जाना चाहिए। इसके साथ ही पर्यटन स्थलों के समीप भी शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों के वाहनों का निरीक्षण किया जाए। उन्होंने शहर से लगे हाईवे पर संकेतक बोर्ड लगाने, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था पर भी चर्चा किया। कलेक्टर ने नगर निगम के अधिकारी को जगदलपुर शहर के प्रमुख चौराहों पर कार्यक्रम आयोजन की अनुमति नहीं देने के लिए निर्देश दिए ताकि आवागमन बाधित ना हो। उन्होंने महारानी अस्पताल में ट्रामा सेंटर की व्यवस्था को संचालित करने के भी निर्देश दिए। आवारा पशुओं की सड़कों को रोड से हटाने एवं कार्यवाही में कलेक्टर ने कहा कि पशुओं को काऊ कैचर से पकड़ कर कांजी हाउस में रखें और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत से प्रस्ताव पास करवाकर स्थल को चिन्हित करवाएं । बैठक में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने कहा कि इंटरसेप्टर के माध्यम अधिक स्पीड में वाहन चलाने वालो पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने हैवी लोडेड वाहनों का बायपास सड़क का अधिक उपयोग करवाने पर जोर दिया । स्कूलों बसों का निरीक्षण-परमिट शर्तों का उल्लंघन पर कार्यवाही पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन से चर्चाकर क्षमता से अधिक बच्चों का परिवहन करने वाले ऑटो और वैन

# पुलिस कांस्टेबल पर नक्सलियों ने किया जानलेवा हमला

## पदेड़ा साप्ताहिक बाजार में दिनदहाड़े हुई वारदात



बीजापुर, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर संभाग के बीजापुर जिले के पदेड़ा गांव के साप्ताहिक बाजार में में अज्ञात लोगों ने पुलिस कांस्टेबल संतू पोटाम पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल को जिला चिकित्सालय बीजापुर में भर्ती कराया गया है। चर्चाहै कि हमलावर नक्सली थे। 23 जून सोमवार को दोपहर बाद 4-5 बजे थाना बीजापुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम पदेड़ा के साप्ताहिक बाजार में आरक्षक संतू पोटाम पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार से प्राणघातक हमला किया गया। गंभीर घायल संतू राम पोटमी का चेरपाल स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार किया गया, फिर उन्हें बाद बीजापुर जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया है। घटना में माओवादियों के हाथ होने की आशंका जताई गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। बीजापुर के एएसपी चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि आरक्षक का अस्पताल में इलाज जारी है। आरक्षक संतू राम पोटामी बीजापुर जिला पुलिस बल के जवान हैं।

# संविधान को रौंदने वाली कांग्रेस लोकतंत्र बचाने का स्वांग रच रही : किरण देव




जगदलपुर, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने मंगलवार को यहाँ भाजपा जिला कार्यालय में पत्र वार्ता को संबोधित करते हुये कहा कि सत्ता लोभ कांग्रेस का स्थायी चरित्र है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 12 जून 1975 को इंदिरा गाँधी को चुनाव में भ्रष्ट आचरण व सरकारी मशीनरी का दुरूपयोग करने का दोषी ठहराया और उन्हें 6 वर्ष तक किसी भी निर्वाचित पद पर रहने से अयोग्य घोषित कर दिया था, जिससे घबराकर सत्ता पर काबिज रहने के लिये इंदिरा गाँधी ने 25 जून 1975 को आतंरिक अशांति का हवाला देकर राष्ट्रपति से देश में आपातकाल लगा दिया। जिसके बाद रातोंरात प्रेस की बिजली काटी गयी, नेताओं को बंदी बनाया गया और देश में तानाशाही लाद दी गयी। संविधान के अनुच्छेद 352 का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को रौंदा गया। संसद व न्यायपालिका को अपंग बनाने का घृणित कृत्य कांग्रेस ने किया। कांग्रेस का यह काला चेहरा व चरित्र देश की जनता को जानना व समझना होगा।

किरण सिंह देव ने कहा कि जिस संविधान की शपथ लेकर इंदिरा गाँधी प्रधानमंत्री बनी थी, उसी संविधान की आत्मा को कुचलते हुये उन्होंने लोकतंत्र को बंधक बनाकर तानाशाही में बदल दिया था। आज भी कांग्रेस शासित राज्यों में कानून व्यवस्था का हाल यह है कि वहाँ विरोध का दमन, धार्मिक तुष्टिकरण व सत्ता का अहंकार खुलेआम दिखता है। आपातकाल के दौरान एक परिवार को संविधान से ऊपर रखने वाली कांग्रेस आज भी राहुल- प्रियंका के इर्दगिर्द सिमटी हुई है और कांग्रेस का समूचा तंत्र परिवार के चरणों में समर्पित है। किरण सिंह देव ने कहा कि न्यायपालिका पर हस्तक्षेप, फ्री स्पीच के नाम पर अराजकता और मीडिया ट्रायल को बढ़ावा देकर कांग्रेस आज नये तरीकों से देश में वही आपातकाल लागू करना चाहती है। उन्हें जनता का स्पष्ट बहुमत भी हमेशा लोकतंत्र का संकट नज़र आता है। भष्ट्राचार के मामलों में जब भी गाँधी परिवार पर जांच होती है, कांग्रेस लोकतंत्र खतरे में है का शोर मचाती है। जब जब कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई है, उसने न जनादेश का सम्मान किया है और न विपक्ष की गरिमा बनाये रखी है। पत्र वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, प्रदेश कार्य समिति सदस्य विद्याशरण तिवारी, जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही, जिला मीडिया प्रभारी आलोक अवस्थी, पूर्वी नगर मण्डल अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में मारपीट से ग्रामीण की मौत मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने सौंपा ज्ञापन

## पंचायत प्रतिनिधियो के साथ थाने पहुंचे ग्रामीणों ने दी धरना प्रदर्शन की चेतावनी

जगदलपुर 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। बस्तर थाना अन्तर्गत ग्राम लामकेर निवासी एक बुजुर्ग को जमीन विवाद के चलते 20 जून को मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ दिए। गंभीर रूप से घायल किसान को 108 के पुलिस जवानों ने मेडिकल कॉलेज डिमरापाल अस्पताल लेजाकर भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान 22 जून को ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के दो दिन बाद भी मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से लामकेर पंचायत के ग्रामीणो में आक्रोश है। मंगलवार को बस्तर थाना पहुंच कर सरपंच और ग्रामीणो ने थानेदार को लिखित ज्ञापन सौंप कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है। आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर एसपी से शिकायत करने और धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई है।

बस्तर थाना पहुंचे लामकेर सरपंच और ग्रामीणो ने बताया कि लामकेर निवासी लिबरु पिता लछीनघर के विवादित खेत में 20 जून को तोकापाल ब्लाक के ग्राम टेकामेटा निवासी चम्पा पति तुलसीराम 15 से 20 ग्रामीणों के साथ खेत में आकर जोताई करा रहा था। इसकी सुचना पंचायत और पटवारी को भी नहीं दिया था। निबरु पिता लछीनघर खेत में जोताई करने से मना कर दिया। इस बात से नाराज आरोपी ने अपने साथ लाए लोगों के साथ जानलेवा मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ दिया। गंभीर रूप से घायल लिबरु को 108 वाहन से अस्पताल पहुंचाया गया था। डिमरापाल अस्पताल में 22 जून को उनकी मृत्यु हो गई। इस मामले में मुख्य आरोपी को छोड़ कर गांव के 4-5 मजदूरों को पुलिस ने पकड़ लिया है। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए मुख्य आरोपी पर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है।

### दलालों के द्वारा षड़यंत्र पूर्वक बिक्री

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व लधीनधर पिता मनधर की जमीन को सडयंत्र पूर्वक हिस्सा बटवारा एवं दलालों के द्वारा बिक्रीनामा हुआ था। पीड़ित के परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि 2 एकड़ की जगह पुरे जमीन का रजिस्ट्री करा दिया। जमीन क्रय उपरान्त आज पर्यन्त तक उस भूमि की सीमांकन नहीं किया गया है। इस भूमिको कास्त नहीं किया जा रहा था। विवादित जमीन में जोताई के दौरान लिबरु से मारपीट कर गंभीर रूप से चोट पहुंचाने के कारण उसकी मौत हो गई।

# पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने वाले जवानों को क्रम-से-पूर्व पदोन्नति



जगदलपुर, 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में अदम्य साहस एवं वीरता का परिचय देने के परिणाम स्वरूप ,पुलिस मुख्यालय द्वारा क्रम-से-पूर्व पदोन्नति प्रदान किये गए कर्मचारियों एवं अधिकारियों मंगलवार को पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के द्वारा, स्टार/फित्ती लगाकर सम्मानित किया गया। जिला नारायणपुर के गोबेल एवं रेखावाया में पुलिस - नक्सली मुठभेड़ में साहस का परिचय देने वाले बस्तर जिले के डीआरजी के जवान जिसमें आरक्षक से प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त वाले धर्मेंद्र कुमार एवं चेतन यादव को रिबन लगाकर एवं प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त करने वाले नवीन नेताम, धनसाय कश्यप, कन्हाई कश्यप एवं शेख चंद बघेल शामिल थे । पुलिस अधीक्षक के द्वारा पदोन्नत होने पर बधाई देने के साथ ही नए जम्मिेदारी को और अधिक मनोयोग एवं ऊर्जा के साथ अनुशासित रहकर निर्वहन करने के निर्देश दिए।

# राशन दुकान संचालकों पर हमला के विरोध में दुकाने रही बंद




जगदलपुर 24 जून (दण्डकारण्य समाचार)। राशन दुकान संचालको द्वारा मंगलवार को एक दिन दुकाने बंद कर विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ का आरोप है कि राज्य में सार्वजनिक वितरण प्रणाली योजना को सफल संचालन करने में विभाग द्वारा भारी जटिल प्रक्रिया किया गया है, जिसमें उपभोक्ता एवं उचित मूल्य दुकान संचालक विक्रेता सब परेशान हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न हिस्सों में दुकानदार पर जानलेवा हमला किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुंगेली जिला के पेन्ड्रीतलाब के विक्रेता पर उपभोक्ता शासकीय शिक्षक ने दुकान में घुस कर जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज किया।अंबिकापुर शहर के गुटरापारा दुकान में दुकानदार से बदसलूकी की और दुकान में ताला जड़ दिया गया। दूर्ग के धमधा विकास खण्ड के ग्राम भरनी के दुकानदार पर उपभोक्ता गाली गलौज किया गया हैं। मशीन की जटिलता के वजह से है परेशानी आ रहा है। विभाग सुधार करने में मदद नही कर रही है। जिससे उपभोक्ता काफी नाराज़ हैं। 24 जून को दुकान बंद कर शासकीय राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने विरोध किया है।

कालीबाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर

सत्र 2025-26 के लिए

प्रवेश जारी






कालीबाड़ी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगदलपुर में नए शिक्षा सत्र 2025 -26 के लिए हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम की सभी कक्षाओं में प्रवेश प्रारंभ।

हिन्दी माध्यम कक्षा LKG से 12 वीं तक
वैकल्पिक विषय: विज्ञान, कृषि एवं कामर्स
अंग्रेजी माध्यम : class LKG to VIII

हमारी विशेषता

- उच्च शिक्षित एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा।
- स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई।
- अनुशासन पर विशेष ध्यान।
- शारीरिक, बौद्धिक एवं कलात्मक विषयों के अतिरिक्त ज्ञान के लिए विशेष कक्षाओं के आयोजन द्वारा बच्चों में प्रतिस्पर्द्धात्मक क्षमता का विकास।
- कमजोर आर्थिक स्थिति के बच्चों को शालेय सहयोग।
- शासकीय छात्रवृत्ति का प्रावधान।
- बच्चों के साथ शिक्षकों का सदैव निकट एवं आत्मीय संबंध।

शीघ्र प्रवेश के लिए संपर्क करें
संपर्क समय - पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक
प्राचार्य

मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com